BIHAR BOARD CLASS–XII

2017

SUBJECT- HINDI

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक 100

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखिए-

(क) प्रदूषण

(ख) मेरी प्रिय पुस्तक

(ग) महँगाई की समस्या

(घ) भ्रष्टाचार

(ङ) छात्र और अनुशासन

2. संक्षिप्त पत्र लिखें-

एक पत्र अपने मित्र को लिखिए, जिसमें किसी रमणीय स्थल का संक्षिप्त वर्णन करे।

अथवा

बिजली की कमी दूर करने हेतु राज्य के बिजली मंत्री को एक पत्र लिखें।

3. संक्षेपण करें-

जीवन का वास्तविक आनन्द मनुष्य को अपने श्रम से प्राप्त होता है। जो सुबह से शाम तक अपना खून-पसीना एक करते हुए कर्म के क्षेत्र में डटा रहता है, चिंताएँ उससे दूर भागती है। ऐसे व्यक्ति को व्यर्थ की बातें सोचने का अवसर ही नहीं मिलता। परिश्रमी व्यक्ति को किसी बात की कमी नहीं। उसे अपनी आशाओं पर विश्वास होता है। फिर वह किसी के सामने हाथ फैलाये क्यों वह जानता है। कि उसके पास दो हाथ हैं जिनसे अपने भाग्य का निर्माण किया जा सकता है।

BiharboardQuestionpaper.com

4. हिन्दी साहित्य के कालविभाजन का संक्षिप्त परिचय दें।

अथवा,

रीतिकाल की सामान्य प्रवृत्तियों का उल्लेख करें।

अथवा,

सूर या विद्यापति का काव्यात्मक परिचय दें।

5. सप्रसंग व्याख्या करें-

(क) मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है। जन्मभर की घटनाएँ एक-एक करके सामने आती हैं।

अथवा,

"जिस पुरुष में नारीत्व नही, अपूर्ण है।"

(ख) जादू टूटता है इस उषा का अब सूर्योदय हो रहा है।।

अथवा,

फटा सुथन्ना पहने जिसका गुन हरचरना गाता है।

6. निम्नलिखित प्रश्नों के बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर बताइए-

(i) 'उसने कहा था' कहानी के कहानीकार कौन हैं ?

(क) प्रेमचंद

(ख) अज्ञेय

(ग) जैनेन्द्र

(घ) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

BiharboardQuestionpaper.com

(ii) सूरसागर के कवि हैं-

(क) कबीरदास

(ख) तुलसीदास

(ग) जायसी

(घ) सूरदास

(iii) 'संपूर्ण क्रांति' के रचनाकार कौन हैं?

(क) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ख) जयप्रकाश नारायण

(ग) प्रेमचंद

(घ) शिवपूजन सहाय

(iv) 'उषा' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं?

(क) अज्ञेय

(ख) मुक्तिबोध

(ग) शमशेर बहादुर सिंह

(घ) धर्मवीर भारती

(v) 'जूठन' शीर्षक रचना हिन्दी साहित्य की कौन-सी विधा है?

(क) कहानी

(ख) निबंध

(ग) आत्मकथा

(घ) उपन्यास

BiharboardQuestionpaper.com

7. निम्नलिखित दो दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दें-

(क) 'अधिनायक' शीर्षक कविता के भावार्थ को स्पष्ट करें।

अथवा 'हार-जीत कविता का भावार्थ लिखें।

(ख) 'रोज' शीर्षक कहानी का उद्देश्य लिखें।

अथवा, लहना सिंह का चरित्र चित्रण करें।

8. निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दें-

(क) प्रगीत क्या है?

(ख) डायरी क्या है?

(ग) प्रातः काल का नभ कैसा था?

(घ) उषा का जादू कैसा है।

(ङ) संधि और समास में अंतर स्पष्ट करें।

(च) विशेषण की परिभाषा सोदाहरण लिखें।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com